वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: पू0वि0वि0/डी0एस0डब्ल्यू/59 /2024–25 अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध दिनांक : 26.12.2024

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जौनपुर, एवं गाजीपुर जनपद के महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा जारी की गयी समय–सारणी के प्रथम चरण के अनुसार महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन फार्म जो संस्था स्तर पर आपके द्वारा अग्रसारित किये गये है कि सूची, संस्था विवरण, छात्र/छात्राओं का वर्गवार विवरण, समरी, परिष्ठ छ एवं प्रमाण–पत्र अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय को अविलम्ब उपलब्ध करा दे जिससे आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की वास्तविक छात्र संख्या का अग्रसारण स्कालरशिप पोर्टल पर किया जा सके।

2–जिन महाविद्यालयों द्वारा अभी तक मास्टर डाटा पूरित नहीं किया गया है वे दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 तक अपने संस्थान से सम्बन्धित सूचनाएं/विवरण अद्यतन कर डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित कर मास्टर डाटा भर लें।

3–जिन महाविद्यालयों द्वारा आनलाइन मास्टर डाटा पूरित कर लिया गया है वे मास्टर डाटा भरने के उपरान्त उसकी हार्डकापी, AISHE प्रमाण–पत्र एवं आपके महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता की फोटो कापी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में मास्टर डाटा भरने के एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे आपके महाविद्यालय की निर्धारित सीट व शुल्क इत्यादि का सत्यापन/अग्रसारण स्कालरशिप पोर्टल पर आनलाइन किया जा सके, जिससे आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राएं समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त करने हेतु आनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन फार्म भर सकें।

4–इस विषय में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर जानकारी हेतु डी0एस0डब्ल्यू कार्यालय अथवा मो0 नं0 8052518136 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

26/12/24

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपि:–

1–निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।

2–आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।

3–विश्वविद्यालय वेबसाइट प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

4–अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण